# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत जालंधर, 2 मई, 2020 dailysamvad.com Email: dailysamvad@gmail.com


## ब्रीफ न्यूज

### उरी में पाकिस्तानी गोलाबारी में सेना के दो जवान शहीद

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर के बारामुला के उरी और रामपुर सेक्टर में पाकिस्तानी सेना ने शुक्रवार को संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, जिसमें दो जवान शहीद हो गए हैं। यहा जानकारी एक रक्षा प्रवक्ता ने दी। एक अन्य जवान और 3 नागरिक भी घायल हुए हैं। सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया है। इसमें पीओके में पाकिस्तान की कुछ चौकियां तबाह होने की सूचना है। पाकिस्तान ने सेना की अग्रिम चौकियों और रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर भीषण गोलाबारी की थी। रक्षा प्रवक्ता कर्नल राजेश कालिया ने बताया, ''दुर्भाग्य से, जो दो जवान घायल हुए थे उनकी मौत हो गई।

### जालंधर के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. मनदीप सिंह सेठी का निधन



जालंधर : जालंधर की प्रसिद्ध डॉक्टर और समाजसेवी सरदार मनदीप सिंह सेठी का आज सुबह स्वर्गवास हो गया। स्व. मनदीप सिंह सेठी गुरुद्वारा मॉडल टाउन लंबे समय तक प्रधान भी रहे। उनके निधन पर शहर के तमाम धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के साथ पंजाब के अलग-अलग शहरों के डाक्टर, स्वास्थ्य संगठनों समेत अधिकारियों ने दुख व्यक्त किया है। स्व. मनदीप सिंह सेठी जालंधर की कई सामाजिक संस्थाओं के साथ भी जुड़े हुए थे वे अपने पीछे पत्नी के अलावा दो लड़के और एक लड़की छोड़ गए। डेली संवाद के संपादकीय सलाहकार महाबीर सेठ, संपादक अशोक सिंह भारत समेत पूरी टीम ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### किम जोंग उन की मौत की अटकलों पर लगा विराम, 20 दिन बाद नजर आया



प्योंगयांग : उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन शुक्रवार को 20 दिन बाद सार्वजनिक रूप से नजर आया और इसके साथ ही उसकी मौत की अटकलों पर विराम लग गया। शुक्रवार को किम जोंग पहली बार राजधानी प्योंगयांग के पास सुचोन में सार्वजनिक रूप से एक फर्टिलाइजर फैक्टरी का उद्घाटन करते हुए नजर आए। समाचार एजेंसी केसीएनए ने शनिवार की यह सूचना दी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, किम जब इस कार्यक्रम में शामिल हुए तो सभी लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया.

# देश में कोरोना मरीजों की संख्या 37 हजार के पार

## 24 घंटे में सामने आए अब तक के सबसे ज्यादा मामले, 1218 तक पहुंच गई है मरने वालों की संख्या

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक शनिवार सुबह तक देश मे कोरोना पीड़ितों की संख्या 37,336 हो गई है। इस आंकड़े के मुताबिक अभी भी देश मे 26,167 लोग कोरोना पॉजिटिव हैं। इनमें से 9950 को डिस्चार्ज किया जा चुका है। शनिवार सुबह तक 1218 लोगों की मौत की सूचना है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटे में 2293 नए मामले सामने आए हैं जो कि अब तक के दैनिक आंकड़ों के मुकाबले सबसे ज्यादा है। वहीं बीते 24 घंटे में 71 लोगों ने दम तोड़ दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक शनिवार सुबह तक अंडमान में कोरोना पीड़ित लोगों का आंकड़ा 33 तक रुका हुआ है। यहां 16 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। आंध्र प्रदेश में आकड़ा 1463 पहुंच गया है। 403 को अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा चुका है, जबकि यहां 33 लोगों की मौत दर्ज की गयी है।

असम में कोरोना संक्रमितों की संख्या 43 पहुंच गयी है, 32 को डिस्चार्ज किया गया है। यहां 1 शख्स की मौत हो गई है। इधर, अरुणाचल प्रदेश कोरोना मुक्त राज्य बना हुआ है।

बिहार ने अभी भी कोरोना पीड़ित लोगों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। शनिवार सुबह तक यहां 3738 लोग इस बीमारी से ग्रसित बताये गये हैं, जिनमे में से 98 को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। यहां 3 की मौत हुई है।

गुजरात में शनिवार सुबह तक कोरोना पीड़ित लोगों की संख्या 4741 हो गई है, जबकि 735 लोगों को डिस्चार्ज किया जा चुका है । यहां 236 लोगों की यहां मौत हो गई है ।



हरियाणा में 360 मामले सामने आए हैं। 227 को डिस्चार्ज किया गया। चार की मौत हुई है। हिमाचल में 40 मामले सामने आए हैं।30 को डिस्चार्ज किया जा चुका है । यहां शनिवार सुबह तक एक शख्स की मौत हुई है।

जम्मू-कश्मीर में यह आंकड़ा 600 को पार कर गया है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक 639 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित बताए गए हैं। इनमें से 247 डिस्चार्ज किया जा चुका है। 8 की मौत हुई है। झारखंड में कोरोना का आंकड़ा 111 पर बना हुआ है। यहां 20 को डिस्चार्ज किया गया। तीन की मौत हुई है। कर्नाटक में आंकड़ा 589 हो गया है 251 को डिस्चार्ज किया गया 22 की मौत हुई है। केरल में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या शनिवार सुबह तक 497 पहुंच गई थी, जिनमें से 312 को डिस्चार्ज किया गयाए जबकि 4 लोगों की मौत हुई है।

उधर, लद्दाख में 22 मामले सामने आए हैं। अब तक 17 लोगों को डिस्चार्ज किया गया है। मध्यप्रदेश में आंकड़ा 2719 पहुंच गया है। 524 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। 145 लोगों की मौत हुई है। महाराष्ट्र देश में अब भी कोरोना के मामले में अव्वल बना हुआ है। यहां शनिवार सुबह तक 11506 लोग इस वायरस से पीड़ित बताये गए हैं, जिनमें से 1879 लोग डिस्चार्ज किया जा चुका है। 485 लोगो की यहां मौत हो गई है।

मणिपुर में अभी भी कोरोना मुक्त राज्य बना हुआ है। मेघालय में से 12 मामले सामने आए हैं। इनमें से सिर्फ एक की मौत हुई है। मिजोरम में सिर्फ एक मामला दर्ज किया गया हैए जबकि उड़ीसा से 149 मामले शनिवार सुबह तक दर्ज किए गए हैं। इनमें से 55 को डिस्चार्ज किया जा चुका है। यहां एक की मौत हुई है। दूसरी तरफ पुडुचेरी में यह संख्या 8 पहुंच चुकी है, जिनमें से पांच को डिस्चार्ज किया जा चुका है।

इस बीच त्रिपुरा देश का कोरोना मुक्त राज्य बना हुआ है। उत्तराखंड से 58 लोगों के इस वायरस से पीड़ित होने की सूचना है, जबकि यहां 36 लोगों को डिस्चार्ज किया चुका है। उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा शनिवार सुबह तक 2328 पहुंच गया है। 654 को डिस्चार्ज किया गया जा चुका है। अकेले यूपी में 42 की मौत हो गई है। पश्चिम बंगाल में शनिवार सुबह तक स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक 795 लोग वायरस से पीड़ित थे। 139 को डिस्चार्ज किया गया,यहां 33 की मौत हो गई है।

## पंजाब में कोरोना ब्लास्ट

# एक ही दिन में 187 नए मरीज

**अमृतसर में 53, जालंधर में 15, होशियारपुर में 31 और लुधियाना व पटियाला में नए मरीजों की बाढ़**

**डेली संवाद, जालंधर/चंडीगढ़**

पंजाब में कोरोना वायरस रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को पंजाब में 187 नए केस सामने आए हैं। शनिवार अमृतसर में 53 और जालंधर में 15 नए मरीज सामने आए हैं। अब जालंधर में मरीजों की संख्या 120 हो गई है। बताया जा रहा है कि आज सुबह जो मरीज कोरोना पॉजिटिव पाया गया था, उसी के लिंक में ये 14 लोग भी थे। जालंधर के रस्ता मोहल्ला, काजी मोहल्ला और बस्ती दानिशमंदा के नए मरीज बताए जा रहे हैं। इसके अलावा होशियारपुर में भी कोरोना वायरस के 321केस सामने आए हैं। वहीं अमृतसर में 53 और मोगा में कोरोना के 22 मरीज सामने आए हैं। पंजाब में कोरोना पीड़ित लोगों की संख्या 480 पहुंच चुकी है। 90 को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया है। यहां 19 की मौत हो गई है।



उधर, चंडीगढ़ में यह आंकड़ा 88 पहुंच गया है, जबकि 17 को डिस्चार्ज किया जा चुका है। छतीसगढ़ में शनिवार सुबह तक 43 कोरोना मरीजों की संख्या पहुंच चुकी थी, यहां 36 लोगों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण पर फिलहाल लगाम लगता नही दिख रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक शनिवार सुबह तक दिल्ली में कोरोना पीड़ित लोंगो की संख्या 3738 पहुंच गयी है। इनमें से 1167 लोगों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। अकेले दिल्ली में 61 लोगों की मौत हो गयी है।

## महाराष्ट्र में भयावह होता जा रहा कोरोना

# गुरुद्वारा लंगर साहिब में 20 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव

**डेली संवाद, मुंबई**

देशभर में सबसे ज्यादा महाराष्ट्र राज्य कोरोना वायरस के संक्रमण का आतंक झेल रहा है। महाराष्ट्र में शुक्रवार को अभी तक में सबसे ज्यादा कोरोना मरीजों की पहचान हुई है। आज भी महाराष्ट्र के नांदेड़ से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां गुरुद्वारा लंगर साहिब में 20 लोगों में कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गुरुद्वारा साहिब में रहने वाले कुल 97 लोगों का टेस्ट किया गया, जिसमें से 20 लोग टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए हैं।

जानकारी के अनुसार राज्य में पिछले 24 घंटे में कोरोना के रिकॉर्ड 1008 नए मामले सामने आए। वहीं पिछले 24 घंटे में राज्य में कोरोना से कुल 26 लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र में कुल संक्रमितों की संखे या बढ़कर 11526 हो गई है। नगर निगम ग्रेटर मुंबई के अनुसार मुंबई में सबसे अधिक 751 नए मामले दर्ज किए गए हैं, यहां संक्रमितों की संखे या 7625 तक पहुंच चुकी है।



वहीं दूसरी तरफ पुणे में 68 वर्षीय कोरोना संक्रमित मरीज की मौत हो गई है, मरीज को सांस लेने में काफी कठिनाई हो रही थी। पुणे स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार जिले में अब तक कोरोना पॉजिटिव 100 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं अगर देश की बात करें तो स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारत में कोरोना वायरस के 37,336 मामले सामने आ गए हैं। इनमें से 26,167 लोगों का इलाज जारी है। 9950 लोग ठीक हो गए हैं और 1218 लोगों की मौत हो गई है। समाचार एजेंसी एएनआइ के अनुसार पिछले 24 घंटे में भारत में कोरोना वायरस के 2293 नए मामले सामने आए हैं और 71 लोगों की मौत हो गई। एक दिन देश में सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं।

# योगी सरकार देगी 15 से 20 लाख श्रमिकों को रोजगार

**2 मई, लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि दूसरे प्रदेशों के जिन श्रमिकों की घर वापसी हो रही है उनको स्थानीय स्तर पर उनकी दक्षता के अनुरूप ही काम दिया जाए। इसके लिए आने वाले हर श्रमिक का मोबाइन नंबर और उसकी विशेषज्ञता को एकत्र कर लिया जाये। दूसरे प्रदेशों से वापस आने वाले श्रमिकों की संख्या 15 से 20 लाख तक होगी। संबंधित विभाग इसी अनुसार अपनी कार्ययोजना तैयार करें।

यह जानकारी अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी और प्रमुख सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन

- हर प्रवासी श्रमिक को उनकी दक्षता के अनुसार देंगे काम : मुख्यमंत्री
- सिर्फ कोविड अस्पतालों में ही होगा कोरोना रोगियों का इलाज
- प्रदेश में कुल एक्टिव केसों की संख्या 1756 : प्रमुख सचिव स्वास्थ्य

प्रसाद ने शनिवार को आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान दी। अपर मुख्य सचिव गृह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार सभी विभाग चुनौती की इस घड़ी को अवसर के रूप में बदलने के लिए कार्यरत हैं। लॉकडाउन की शर्तों का अनुपालन करते हुए चीनी मिलों और ईंटों की तरह अन्य औद्योगिक इकाईयां भी चालू कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में जिन राज्यों से श्रमिकों को लाना है, वहां की सरकारों से संपर्क किया जा रहा है। उनकी सूची के अनुसार ही स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उनको लाने के बाद क्वारंटीन किया जाएगा। क्वारंटीन सेंटर की व्यवस्था ठीक हो इसके लिए हर जिले में एक नोडल अधिकारी नियुक्त होगा। श्रमिकों को लेकर नासिक (महाराष्ट्र) से पहली ट्रेन चल चुकी है। यह झांसी होते हुए रविवार को लखनऊ पहुंचेगी। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि 16 लाख सरकारी कर्मचारियों को वेतन और 12 लाख रिटायर्ड कर्मचारियों को पेंशन दी जा चुकी है।

# लॉकडाउन के बीच इस बैंक के लाखों ग्राहकों को तगड़ा झटका, आरबीआई ने रद्द किया लाइसेंस

**डेली संवाद,मुंबई**

कोरोना संकट से निपटने के लिए देश में लॉकडाउन लागू है। इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आरबीआई ने सीकेपी सहकारी बैंक के ग्राहकों को बड़ा झटका लगा है। आरबीआई ने सीकेपी सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इसकी वजह से बैंक के करीब सवा लाख खाताधारकों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है। बैंक की 485 करोड़ रुपये की एफडी भी फंस गई है। मनीकंट्रोल को सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सीकेपी सहकारी बैंक की नेटवर्थ में भारी गिरावट आई थी। जिस वजह से आरबीआई ने बैंक के लाइसेंस को रद्द कर दिया है। बैंक में ऑपरेशनल मुनाफा होने के बाद भी नेटवर्थ में भारी गिरावट दर्ज की गई। जिस वजह से बैंक का लाइसेंस रद्द हो गया। बता दें कि आरबीआई ने साल 2014 से ही लगातार बैंक पर प्रतिबंध की अवधि बढ़ाया है। इससे पहले 31 मार्च को भी बैंक की अवधि बढ़ाकर 31 मई तक कर दी थी लेकिन अब आरबीआई ने उसके पहले ही बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। बता दें कि सीकेपी सहकारी बैंक का हेड ऑफिस मुंबई के दादर में है। इस बैंक को बचाने के लिए नविशकों से लेकर जमाकर्ताओं तक ने कई कोशिशें की थी। जहां एक तरफ बैंक ने ब्याज दर में कटौती की थी और इसे 2 प्रतिशत कर दिया था। तो वहीं कई लोगों ने भी अपने एफडी को शेयर में निवेश किया था। जिस वजह से बैंक की हालत सुधरती हुई नजर आई थी लेकिन इसके बाद भी घाटा कम नहीं हो पाया। जिस वजह से ही अब बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है।



# बाराबंकी के रामकेश ने सीएम से कहा, सुना था पर देख भी लिया रामराज्य

**गिरीश पाण्डेय, लखनऊ**

यकीनन दिल की बात जुंबा तक आ ही जाती है। यह अमूमन सच भी होती है। शर्त यह है कि ऐसी बातचीत में अपनापन हो। मजदूर दिवस पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब कुछ श्रमिकों से बात की तो ऐसा ही हुआ।



मुख्यमंत्री ने जिन लोगों से बात की वह वे लोग थे जो लॉकडाउन से सर्वाधिक प्रभावित हैं। जिनके परिवार को गुजर-बसर उनकी दिहाड़ी पर होती है। हालांकि मुख्यमंत्री की अगुआई में उनके हित के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। हर किसी के खाते में भरण-पोषण के लिए एक-एक हजार रुपया, मानक के अनुसार राशन दिये जा रहे हैं। रोजगार देने का भी सिलसिला शुरू हो गया है, इस सबके बावजूद बातचीत को सबसे प्रभावी मरहम माना गया है। मुख्यमंत्री ने कल यही मरहम लगाने और यह संदेश देने के लिए प्रदेश के कुछ श्रमिकों से बात की कि सरकार पूरे संसाधनों और प्रतिबद्धता से उनके साथ खड़ी है। बातचीत कैसी रही सुनिये उन्हीं श्रमिकों की जुबानी।

अमर केश शर्मा बाराबंकी के हैं। वह राजमिस्त्री का काम करते हैं। एक बारगी तो उनको यकीन ही नहीं हुआ कि वह मुख्यमंत्री से बात कर रहे हैं। बात शुरू हुई तो उन्होंने कहा कि अब तक रामराज्य के बारे में सुना था, लेकिन अब देख भी लिया। 'हम लोग अभी तक यही देखते रहे हैं कि पुलिस गांव में लाठी और वॉरंट लेकर आती थी, लेकिन आपके राज में पुलिस खाना और दवाएं लेकर आ रही है, यही तो रामराज्य है। अमरकेश यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी आप गरीबों और मजदूरों के लिए जो कर रहे हैं, उसको पूरा देश देख रहा है। हम सबकी ओर से आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।''

(लेखक गिरीश पाण्डेय, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

### बरेली के वेदपाल ने पूछा कैसे कर ले जाते हैं आप इतना सब कुछ?

वेदपाल बरेली के हैं। दिहाड़ी से ही पूरे परिवार का गुजर-बसर होता है। मुख्यमंत्री से बातचीत का मौका मिला तो उन्होंने वही सवाल किया जो बहुतों के जेहन में रहता है। वेदपाल ने कहा कि इतनी बड़ी आपदा में देश के सबसे बड़े प्रदेश को आप कैसे संभाल ले गए? मुख्यमंत्री का जवाब था कि यह सब 23 करोड़ की जनता के ताकत, सहयोग स्नेह, समर्थन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से संभव हो रहा है। वेदपाल ने कहा कि मुझे प्रशासन की ओर से राशन और मदद की राशि मिल चुकी है।

### झांसी के दुर्जन सिंह ने कहा, आप हैं तो हम निश्चिंत हैं

झांसी के दुर्जन सिंह ने कहा कि हम लोगों का पक्का यकीन है कि आप हैं तो हम जैसे लोगों की चिंता होती रहेगी। आपकी अगुआई में हम जल्दी ही कोरोना के इस अभूतपूर्व संकट से भी पार पा जाएंगे। सहायता राशि और खाद्यान्न के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार भी जताया। मालूम हो कि शुक्रवार एक मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के श्रमिकों से मुखातिब थे। इस दौरान वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए कुछ श्रमिकों से कोरोना संकट के दौरान उनको दी जाने वाली सहायता राशि और राशन के बारे में फीड बैक भी लिया।

### धैर्य रखें सब ठीक होगा : मुख्यमंत्री


योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धैर्य संकट का सबसे बड़ा साथी है। धैर्य रखें। लॉकडाउन के अनुपालन में शासन और प्रशासन का सहयोग करें। शीघ्र ही सब कुछ ठीक हो जाएगा। यही सबके हित में है। रही बात आपके सम्मान की तो आप लोग विकास की बुनियाद हैं। आपके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। सरकार हर संभव आपके हितों और रोजगार का ध्यान रखेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 30 लाख श्रमिकों के खातों में भरण-पोषण राशि के रूप में एक-एक हजार रुपये की राशि भेजी। इससे पहले भी इतनी ही राशि इन श्रमिकों के खाते में भेजी जा चुकी है।

### कोरोनाः एक ही बिल्डिंग के 41 लोगों की रिपोर्ट आई पॉजिटिव, पड़ोसियों का भी होगा टेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना वायरस के संक्रमण का सिलसिला थमता हुआ नहीं दिख रहा है. दिल्ली के कापसहेड़ा में एक ही बिल्डिंग में 41 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। असल में, दिल्ली के कापसहेड़ा में एक मकान में 18 अप्रैल को एक कोरोना का मामला सामने आया था. घनी आबादी का इलाका देखते हुए प्रशासन ने 19 अप्रैल को इलाके को सील करने के आदेश दे दिए थे। इसके बाद यहां के 95 लोगों के सैंपल 20 अप्रैल को और 80 के सैंपल 21 अप्रैल को लिए गए. यह सैंपल नोएडा की हृढ्ढक्क लैब को भेजे गए. कुल मिलाकर 175 लोगों के सैंपल में से 67 लोगों के सैंपल की रिपोर्ट आज आई है. इनमें से 41 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं. हालांकि 10-11 दिन में जो रिपोर्ट आई है, वह भी पूरी नहीं है। टेस्ट रिपोर्ट में देरी की वजह नोएडा की हृढ्ढक्कलैब में भेजे जा रहे अधिक सैंपल को बताया जा रहा है.

# कर्फ्यू में कांग्रेस के नेता ही कर रहे थे शराब की तस्करी

- जालंधर यूथ कांग्रेस के बिक्रमजीत, परमजीत सिंह बल समेत इन कांग्रेसियों के नाम, एक पार्षद पति भी शामिल



**डेली संवाद, जालंधर**

पंजाब की जालंधर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। शहर में कांग्रेस के बड़े नेता ही शराब की तस्करी में लिप्त हैं। जालंधर पुलिस ने जानकारी दी है कि यूथ कांग्रेस के बिक्रमजीत सिंह, नेता परमजीत सिंह बल, भारत भूषण जैरथ उर्फ काका जैरथ शराब की तस्करी कर रहे हैं। इसकी पुष्टि थाना-पांच के एसएचओ ने की है। एसएचओ के मुताबिक इनका पास से एक बोलैरो गाड़ी और शराब बरामद की गई है।

थाना-5 के एसएचओ ने बताया कि कर्फ्यू के दौरान शराब के सभी ठेके बंद हैं। इस दौरान थाना 5 तीन शराब तस्करों को अवैध शराब सहित पकड़ा गया है। इन तस्करों के वाहन भी पुलिस ने जब्त कर लिए हैं। इसमें यूथ कांग्रेस का नेता परमजीत सिंह बल और यूथ कांग्रेस नेता भारत भूषण जैरथ उर्फ काका जैरथ को पुलिस ने पकड़ा है। इनके एक और साथी को पुलिस ने दबोचा है।

थाना 5 की पुलिस ने अवैध शराब बरामद की है। परमजीत सिंह बल के एक सांसद समेत कुछ विधायकों और पूर्व कैबिनेट मंत्री से अच्छे ताल्लुक बताए जा रहे हैं। जबकि काका जैरथ के साथ जालंधर के एक पार्षद पति का भी नाम जुड़ रहा है। पुलिस ने इस पूरे नेटवर्क को तोड़ने में जुटी है। हालांकि इन लोगों को बड़े नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, जिससे पुलिस फूंक-फूंक कर कार्यवाही कर रही है।